**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**प्रधानमंत्री–वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार सबका साथ सबका विकास –जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश निवारक व समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देखभाल करने वालों की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

शिक्षा, रोजगार और उद्यम के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला।

------------------------------------------------------------

**विदाई समारोह**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज लोक भवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को भावनात्मक विदाई दी। इस अवसर पर उनके साथ उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, जन–प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। राज्यपाल को प्रदेश के प्रति उनकी सेवाओं के सम्मान स्वरूप औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। समारोह में सभी लोगों ने शिव प्रताप शुक्ल को उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं और प्रदेश के विकास में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

------------------------------------------------------------

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिमला में आज पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनावों में मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने मित्रों से भी झूठ बोला और कई नेताओं को राज्यसभा टिकट का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने भी अपनी पीड़ा सार्वजनिक रूप से साझा की और बयान दिया कि सच बोलने की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में हिमाचल का विकास रुक गया है और साढ़े तीन साल बाद पूर्व मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल भेजने की बातें करना मुख्यमंत्री की राजनीतिक हताशा को दर्शाता है।

-----------------------------------------------------------

**युवा संवाद**

केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के विचारों की झलक नजर आई है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के दूसरे संस्करण में देशभर के चुने गए युवाओं ने नए आइडिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सांझा किए। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री से संवाद कर लौटे प्रदेश के युवा सचिन ने अपने अनुभव सांझा किए।

-----------------------------------------------------------